आपको निष्क्रिय क्षय रोग (टीबी) संक्रमण के लिए अपनी दवा के बारे में क्या जानने की ज़रूरत है

ISONIAZID (आइसोनियाज़िड) और RIFAPENTINE (रिफापेंटीन)

आपकी निष्क्रिय क्षय रोग (टीबी) संक्रमण का उपचार करने के लिए आपको दवा दी गई है। आपको टीबी रोग नहीं है और आप दूसरों तक टीबी नहीं फैला सकते। यह दवा आपको टीबी रोग होने से रोकने में मदद करेगी।

अपनी साप्ताहिक मुलाकातों पर आना याद रखें:

आप हर सप्ताह अपनी दवाइयाँ लेने के लिए एक स्वास्थ्य देखभाल कर्मी से मिलेंगे। इस योजना को प्रत्यक्ष प्रेक्षित थिरैपी (DOT) कहा जाता है।

DOT आपकी कई तरह से मदद कर सकती है।

- स्वास्थ्य देखभाल कर्मी आपकी दवाओं को लेने को याद रखने में आपकी मदद करता है।
- आप अपना इलाज जितनी जल्दी हो सके, उतनी जल्दी पूरा करेंगे।
- स्वास्थ्य देखभाल कर्मी सुनिश्चित कराएगा कि दवा लेने पर आपको समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा है।
- आपकी साप्ताहिक बैठकों के दौरान, यह व्यक्ति आपके सवालों के जवाब दे सकता है। आप अपनी किसी चिंता के बारे में भी बात कर सकते हैं।

जब इस दवा को ले रहे हों तो:

- ✓ अपने डॉक्टर या नर्स को बताएं यदि आपके दवा से संबंधित कोई सवाल या चिंताएं हैं।
- ✓ साप्ताहिक मुलाकातों पर जाएं।
- ✓ किसी अल्कोहल उपयोग के बारे में अपने डॉक्टर के साथ चर्चा करें। अल्कोहल का उपयोग दुष्प्रभाव का कारण बन सकता है।
- ✓ अपने डॉक्टर को उन सभी अन्य दवाओं के बारे में बताएं जिन्हें आप ले रहे हैं।
- ✓ अपने अन्य डॉक्टरों को यह बताना सुनिश्चित करें कि आपके निष्क्रिय टीबी संक्रमण का इलाज किया जा रहा है।
- ✓ कुछ लोगों में ऐसा होता है कि भोजन के साथ ली गई दवा उन्हें कम प्रभावित करती है।

निष्क्रिय टीबी संक्रमण दवा समय-सारणी:

(प्रदाता: उचित दिन और गोलियों की उपयुक्त संख्या को दर्शाएं)

दवा	समय-सारणी	दिन	प्रति दिन गोलियों की संख्या	समयावधि
आइसोनियाज़िड और रिफापेंटीन	सप्ताह में एक बार	सो मं बु गु शु श रवि		3 महीने (12 सप्ताह)

हो सकता है कि आपके डॉक्टर ने आपको आपकी दवा के साथ विटामिन बी6 दिया हो।

ध्यान दें

मेरे डॉक्टर का नाम:_____
मेरे क्लिनिक का नाम:_____
मेरे क्लिनिक का टेलीफोन नंबर:_____

इन संभावित समस्याओं पर नज़र रखें:

अपनी दवा लेना तुरंत **बंद** करें **और** अपने टीबी डॉक्टर या नर्स को फोन करें, यदि आपको नीचे दिए में से कोई समस्याएँ हों:

- कम भूख, या भोजन के लिए कोई भूख न होना
- पेट में गड़बड़ी (अजीर्ण) या पेट में ऐंठन
- बुखार
- सिर या शरीर में दर्द
- मतली या उलटी होना
- हल्के काले रंग का मूत्र या हल्का पीला मल आना
- हल्की खरोंच या खून बहना
- ददोरा या खुजली
- त्वचा या आँखों का पीला होना
- गंभीर कमजोरी या थकान
- आपके हाथों या पैरों में झुनझुनी या उनका सुन्न होना
- चक्कर आना

ध्यान दें: यदि आपका मूत्र, लार या आँसू नारंगी रंग के हो जाते हैं तो यह सामान्य है। सॉफ्ट कॉन्टैक्ट लेंस दागदार हो सकते हैं।

Centers for Disease Control and Prevention Division of Tuberculosis Elimination से अनुकूलित जानकारी

SNTC को एक cooperative agreement #U52PS004089 केमाध्यम से Centers for Disease Control and Prevention द्वारा वित्त पोषितकिया जाता है

Published 2018 – Hindi

Southeastern National Tuberculosis Center | UF UNIVERSITY of FLORIDA